
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# सीएम ने 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष से भेंट कर आभार जताया

## 15 वें वित्त आयोग द्वारा उत्तराखण्ड को राजस्व घाटा अनुदान की संस्तुति की गई है

**भेंट**

**संवाददाता**



वित्त आयोग के अध्यक्ष से भेंट करते सीएम त्रिवेंद्र।

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री एन.के.सिंह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सिंह को 15 वें वित्त आयोग द्वारा उत्तराखण्ड के दृष्टिकोण को समझते हुए राज्य की मांगों के अनुरूप संस्तुतियां किए जाने पर उत्तराखण्ड की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान मिलने से राज्य के वित्तीय प्रबंधन में सहायता मिलेगी। इससे विकासात्मक कार्यों में तेजी आएगी। उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। यहां प्रतिवर्ष विभिन्न दैवीय आपदाओं से करोड़ों का नुकसान होता है। इसका राज्य के संसाधनों पर भी प्रभाव पड़ता है। वित्त आयोग ने राज्य के इस पक्ष का समझा और आपदा राहत निधि के अंश में वृद्धि करते हुए लगभग 1041 करोड़ रूपए कर दिया। इससे आपदा प्रबंधन में सुधार आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड बहुमूल्य पर्यावरणीय सेवाएं देता है। परंतु उत्तराखण्ड को विकासात्मक कार्यों में वन संबंधी अवरोधों का सामना करना पड़ता है। राज्य की लम्बे समय से मांग थी कि उत्तराखण्ड जैसे राज्यों, जो कि पर्यावरण संरक्षण में योगदान देते हैं, को इसके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

वित्त आयोग ने डिवोलेशन फार्मूला में वनों का अंश 7.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, जिससे राज्य के अंश में वृद्धि हुई है। उत्तराखण्ड के शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं के अनुदान में भी 148 करोड़ रूपए की वृद्धि हुई है।

गौरतलब है कि 16 अक्टूबर 2018 को 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री एन0के0 सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय, देहरादून में वित्त आयोग की बैठक आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वित्त आयोग से राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत विशेष सहायता, राज्य की आपदा संवेदनशीलता, पेयजल व अन्य परियोजनाओं की अधिक लागत, राज्य सरकार के जल संरक्षण कार्यक्रमो, राज्य का ईको सर्विसेज व कार्बन क्रेडिट में योगदान, राजस्व डेफिसिट ग्रान्टस की हानि व 14वे वित्त आयोग का राज्य की वितीय स्थिति पर दुष्प्रभाव पर चर्चा की थी। बैठक के दौरान राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रस्तुतिकरण दिया गया था।

## न्यूज डायरी

### ट्यूलिप गार्डन की स्थापना मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल

**संवाददाता** देहरादून। पिथौरागढ़ में ट्यूलिप गार्डन की स्थापना मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 04 फरवरी को मोस्टानू मंदिर परिसर के समीप लगभग एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में 25 हजार ट्यूलिप बल्ब लगाए गए। इस प्रयोग के अन्तर्गत मार्च 2020 मध्य तक ट्यूलिप खिलने की उम्मीद हैं, इस प्रयोग के परिणाम के आधार पर ट्यूलिप गार्डन की दस हेक्टेयर भूमि में डीपीआर तैयार की जायेगी। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री की 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन योजनान्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ का मोस्टामानू क्षेत्र भी चिन्हित है। मोस्टामानू क्षेत्र के अन्तर्गत क्षेत्र में साहसिक खेल तथा देशी–विदेशी पर्यटकों हेतु अन्य सुविधायें जैसे ट्रैक रूट, केफेटेरिया आदि बनाये जाने की दिशा में कार्य गतिमान है।

### डंपर की टक्टर से महिला की मौत, पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया

**संवाददाता** देहरादून। मोतीचूर जंगल के पास डंपर ने एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि जिग–जैक मोतीचूर जंगल के पास एक महिला उम्र करीब 40 वर्ष जो कि मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रही है की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। मौके पर शव की शिनाख्त के प्रयास किए गए परंतु कोई भी जानकारी नहीं हो पाई। स्थानीय लोगों द्वारा बताया कि उक्त महिला विगत तीन–चार दिनों से क्षेत्र में घूमती हुई दिखाई दे रही थी जो मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होती थी।

### देशी और विदेशी एक्सहिबीटर्स को उत्तराखंड से भारी मात्रा में व्यापार की अपेक्षा

**संवाददाता** देहरादून। न्यूरनबर्ग मेस्से द्वारा आयोजित फर्नीचर निर्माण मशीनरी, कच्चे माल, पैनल, हार्डवेयर, कंपोनेंट्स और एक्सेसरीज की जानकारी साझा करने वाले क्षेत्र के सबसे बड़े शो इंडियावुड का 11 वां एडिशन आयोजित किया जा रहा है। यह 27 फरवरी से 2 मार्च, 2020 तक बेंगलुरु के बेंगलूरु इंटरनेशनल एक्सहिबिशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस पांच दिवसीय मेगा शो में कारपेन्टरी, स्किलिंग, इनोवेशन, ऑटोमेशन और डिजिटलकरण पर ध्यान दिया जाएगा और इसका उद्देश्य भारतीय फर्नीचर निर्माण और वुडवर्किंग उद्योग को भारत के 'मेक इन इंडिया' के दृष्टिकोण के साथ, इस क्षेत्र में भारत को टॉप मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशंस में से एक के रूप में स्थापित करना है। 875 से भी अधिक देशी और विदेशी कम्पनियाँ दून, सितारगंज और उत्तराखंड राज्य के कई शहरों से भरी मात्रा में व्यापार होने की संभावना जाता रही हैं।

# सीएम के औद्योगिक सलाहकार ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक ली

**बैठक**

देहरदून। **संवाददाता**



सीएम के औद्यागिक सलाहकार केएस पंवार बैठक करते हुए।

मुख्यमंत्री के औद्योगिक सलाहकार, डा. केएस पंवार ने जनपद बागेश्वर के अधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक की। गुरूवार को सलाहकार डॉ. केएस पंवार ने जनपद बागेश्वर में विकास भवन सभागार में जनपदस्तरीय अधिकारियों के जनपद में संचालित हो रही विकास योजनाओं एवं मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। बैठक में उन्होंने समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जनपद के विकास के लिए जो भी जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गयी है उन योजनाओं पर तत्काल कार्य करते हुए योजनाओं को गुणवत्ता एवं समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि आम जनमानस को उन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकें।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में मुख्यमंत्री द्वारा कि गयी घोषणा में जो सड़के बनाई जानी है उन सड़कों के लिए विभाग द्वारा जो भी कार्यवाही की जानी है उस कार्यवाही को तत्काल पूर्ण करते हुए सड़क निर्माण कार्य तत्काल शुरू करवाना सुनिश्चित करें ताकि उसका लाभ क्षेत्रीय जनता को तत्काल प्राप्त हो सके।

# बीटेक कर नौकरी नहीं मिली तो करने लगा चरस सप्लाई



चरस तस्करी में पकड़ा गया छात्र।

**संवाददाता** देहरादून। थाना राजपुर पुलिस ने 300 ग्राम चरस के साथ एक बीटेक छात्र को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी ने बताया कि पिछले काफी समय से मुखबिर के माध्यम से एक छात्र द्वारा भारी मात्रा में चरस सप्लाई की सूचना मिल रही थी। सीओ डालनवाला व थानाध्यक्ष की अगुवाई मे एक टीम गठित कर पुलिस सूत्रों से जानकारी जुटाई गई। मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि छात्र भारी मात्रा में चरस लेकर देहरादून आया हुआ है, गठित टीम द्वारा छात्र को मुखबिर की सूचना के आधार पर मसूरी रोड निकट मालसी पेट्रोल पम्प से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 300 ग्राम चरस, एक इलेक्टोनिक तराजू, एक मोबाइल फोन, 4850 रूपये नकद बरामद किये।

### मेट्रोमोनियल साइड में शादी का झांसा देकर पैसों की ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। एक युवती ने नंदनी (काल्पनिक नाम) द्वारा थाना कैंट पर लिखित सूचना देकर अंकित कराया की मेट्रोमोनियल साइट पर 2 माह पूर्व मनीष गुप्ता नाम के व्यक्ति से मेरी जान पहचान हुई। उसने मुझे बड़े–बड़े सपने दिखाकर शादी का झांसा दिया और स्वयं को एक स्टील कंपनी नोएडा का स्वामी होना बताया और 9 नवंबर 2019 को मेरा जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए मेरे घर आया और मेरे माता–पिता को भी विश्वास में लेकर मेरे जन्मदिन मनाया और मुझे अपने साथ मसूरी होटल में घुमाने की बहन से ले गया। जहां मेरे मना करने के बावजूद उसने मुझे शादी का झांसा देकर मेरे साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। उसकी धमकी से डर के कारण मैंने उसके कहे अनुसार उसके अकाउंट में धीरे–धीरे कुल मिलाकर 1000000 रु जमा कर दिए। गुरुवार को 'प्रभारी कोतवाली कैंट ' के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कोतवाली कैंट क्षेत्र बल्लीवाला फ्लाईओवर के पास से इस अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# परमार्थ निकेतन में योग और ध्यान को आत्मसात करने पहुंचा ब्राजील का दल

**संवाददाता**



ब्राजील का दल स्वामी चिदानंद सरस्वती के साथ में।

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में एक सप्ताह के प्रवास पर ब्राजील से 20 से अधिक योग साधकों का दल आया। इस दल के सदस्यों ने यहां पर रहकर योग, ध्यान, भारतीय संस्कृति और दर्शन की शिक्षा प्राप्त की। दल के सदस्यों ने परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में आध्यात्मिक सत्संग और गंगा आरती में भी सहभाग किया।

स्वामी जी ने ब्राजील से आये दल को सम्बोधित करते हुये कहा, 'वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिन्दगी, उर्वरक युक्त भोज्य पदार्थ, चारों ओर बढ़ते प्रदूषण के कारण स्वस्थ रहने के लिये जीवन शैली, चिंतन शैली और आहार शैली में परिवर्तन करना नितांत आवश्यक है। सात्विक जीवन पद्धति के साथ योग, ध्यान और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर स्वस्थ रहा जा सकता है।

स्वामी जी ने शाकाहार एवं स्वच्छता पर जोर देते हुये प्राकृतिक जीवन पद्धति अपनाने का संदेश दिया। साथी ही प्लास्टिक मानव और प्रकृति दोनों के लिये घातक है इसका उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिये क्योंकि प्लास्टिक ही है शारीरिक व्याधियों और प्रकृति के असंतुलन का कारण।